हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 जून 2026

04 5 माह में 467 सड़क हादसे, 194 की मौत



07 कांग्रेस ने नगरपालिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ ...





### सांसद ने जीएम से की विभिन्न मांगें, कहा शीघ्र कराएं समस्याओं का निराकरण

# रेलवे जीएम ने जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का उद्घाटन व बाईपास लाइन का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) दिलीप कुमार सिंह ने इटारसी का सघन दौरा कर कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने भोपाल से इटारसी रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रैक, सिग्नलिंग और ओएचई व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। भोपाल स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और स्वच्छता का जायजा लेने के बाद वे इटारसी पहुंचे। इटारसी में महाप्रबंधक ने बहुप्रतीक्षित इटारसी बायपास रेल लाइन परियोजना की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने इटारसी स्थित विद्युत लोको शेड का भी गहन निरीक्षण किया, जहां उन्होंने लोकोमोटिव अनुरक्षण, सिमुलेटर रूम और मरम्मत कार्यों की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए संरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने के निर्देश दिए।

इस उच्चस्तरीय निरीक्षण के दौरान भोपाल मंडल के डीआरएम पंकज त्यागी, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर मुकेश, प्रिंसिपल अजय कुमार शुक्ला सहित मुख्यालय और मंडल के तमाम वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**मालगोदाम विस्थापन :** इटारसी के बहुप्रतीक्षित मालगोदाम विस्थापन के कार्य को गति देने की मांग की गई।

**तीन पुलिया रोड का निर्माण :** डब्ल्यूसीआरएम ऑफिस से लेकर तीन पुलिया तक बनने वाले रोड के काम में तेजी लाकर इसे समय-सीमा में पूर्ण करने की बात रखी।

**अवैध वेंडरिंग पर कड़ाई :** इटारसी प्लेटफार्मों पर खान-पान स्टॉल संचालकों की मनमानी पर तत्काल रोक लगाने और अवैध वेंडरिंग पर कठोर कार्रवाई करने का मुद्दा उठाया गया।

**नए अंडरब्रिज और ओवरब्रिज :** रसूलिया व ईदगाह के पास नए रेल अंडरब्रिज को स्वीकृत कर शीघ्र काम शुरू कराने, बनखेड़ी-मालनवाड़ा अंडरब्रिज के कार्य में तेजी लाने और जुझारपुर में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का काम जल्द पूरा कराने पर चर्चा हुई।

सोमवार को रेलवे जीएम दिलीप कुमार सिंह ने इटारसी का सघन दौरा कर कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की समीक्षा की।



### सांसद चौधरी ने की चर्चा

जीएम दिलीप कुमार सिंह के प्रथम भोपाल रेल मंडल निरीक्षण के दौरान इटारसी रेलवे स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय बैठक हुई। नर्मदापुरम-नरसिंहपुर क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी और जेडआरयूसीसी सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत ने महाप्रबंधक से सौजन्य भेंट कर इटारसी सहित पूरे संसदीय क्षेत्र की रेलवे से जुड़ी जनहित की समस्याओं और मांगों पर बेहद सार्थक चर्चा की। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने महाप्रबंधक के समक्ष क्षेत्र की कई बहुप्रतीक्षित मांगों को प्रमुखता से उठाया और उनके शीघ्र निराकरण की मांग की।

### उत्तरी बंगलिया में अंडरपास-ओवरब्रिज और पुलिया निर्माण की मांग



वार्ड क्रमांक 8 उत्तरी बंगलिया की वर्षों पुरानी आवागमन समस्या के समाधान की मांग पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया के माध्यम से सांसद और रेलवे के उच्च अधिकारियों तक पहुंच गई है। सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया के साथ सांसद दर्शन सिंह चौधरी को ज्ञापन सौंपकर उत्तरी बंगलिया में अंडरपास अथवा ओवरब्रिज निर्माण तथा जर्जर रपटे के स्थान पर ऊंची कलवर्ट पुलिया निर्माण की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड क्रमांक 8 में रेलवे लाइन के समीप स्थित रपटे पर हल्की बारिश में ही पानी भर जाता है, जिससे वार्डवासियों और रेलकर्मियों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। इसके अलावा पुलिया भी जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है। ऐसे में क्षेत्रवासियों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए यहां ऊंची कलवर्ट पुलिया का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। वहीं दूसरे ज्ञापन में उत्तर बंगलिया और दक्षिण बंगलिया के बीच रेलवे लाइन के कारण लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानियों का उल्लेख करते हुए अंडरब्रिज या ओवरब्रिज निर्माण की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि रेलवे द्वारा बाउंड्रीवाल निर्माण के बाद क्षेत्र के हजारों लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है तथा कई बार लोगों को लंबा चक्कर लगाकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ता है। यहां रेलवे ट्रैक पार करते समय दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान भी जा चुकी है।

## बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलटी तेज रफ्तार बोलेरो

### एक ही परिवार के 3 सदस्यों समेत 5 की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। यहां मटकुली-पिपरिया मार्ग पर सोमवार शाम एक तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इस भीषण हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतकों में एक ही परिवार के पति-पत्नी और उनका 8 साल का मासूम बच्चा भी शामिल है।

पिपरिया थाना प्रभारी मदनलाल पवार से मिली जानकारी के मुताबिक, यह बोलेरो जीप तामिया से मटकुली की ओर जा रही थी। इसी दौरान अचानक सामने से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया। रफ्तार तेज होने के कारण बोलेरो सड़क किनारे पलट गई और यह बड़ा हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वालों में प्रदीप धुर्वे (48 वर्ष) निवासी बंजारा ड्रीम, नर्मदापुरम, ज्योति धुर्वे (प्रदीप धुर्वे की पत्नी), अक्षत धुर्वे (8 वर्ष) (प्रदीप धुर्वे का बेटा), पंचम ठाकुर (55 वर्ष) निवासी समनापुर, कुलदीप ठाकुर (40 वर्ष) निवासी झिरपा करेर। वहीं, इस हादसे में गंभीर रूप से घायल होने वालों में समनापुर निवासी आकाश धुर्वे (25 वर्ष) और शरद उइके (21 वर्ष) शामिल हैं।

### अस्पताल में इलाज जारी

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस तुरंत मौके पर पहुँचे। दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका उपचार जारी है। पुलिस ने सभी मृतकों के शवों का पंचनामा तैयार कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

## नर्मदा नदी से रेत का अवैध उत्खनन करते पनडुब्बी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 14 जून को खनिज विभाग द्वारा सिवनी मालवा तहसील के ग्राम पथाडा स्थित नर्मदा नदी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए रेत का अवैध उत्खनन करते एक पनडुब्बी को जप्त किया गया। जब्त पनडुब्बी को पुलिस थाना सिवनी मालवा की अभिरक्षा में रखा गया है। संबंधित



अवैध उत्खननकर्ता के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनन गतिविधियों के विरुद्ध सतत निगरानी एवं कार्रवाई जारी रहेगी।

## ट्रेनों में चोरी करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ट्रेनों में यात्रियों को निशाना बनाने वाले शातिर चोरों के खिलाफ जीआरपी पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। भोपाल रेल पुलिस अधीक्षक के विशेष अभियान के तहत इटारसी जीआरपी ने राजधानी एक्सप्रेस में हुई लाखों की चोरी का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से शत-प्रतिशत मशरुका बरामद कर लिया है, जिसकी कुल कीमत करीब 8 लाख 52 हजार रुपये आंकी गई है।

बीते 6 मई 2026 को कर्नाटक के मांड्या निवासी रमेश पिता मुल्लाक्ट्टे सिद्दलह अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 22692 हजरत निजामुद्दीन-बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस के ए-3 कोच में यात्रा कर रहे थे. ग्वालियर से यात्रा शुरू



करने के बाद जब ट्रेन इटारसी स्टेशन के नजदीक पहुंची, तो अज्ञात चोर ने उनकी पत्नी का पर्पल-ग्रीन लेडीज हैंडबैग पार कर दिया. बैग में सोने का मंगलसूत्र, नगदी, एक वनप्लस मोबाइल और सैमसंग का टैबलेट रखा हुआ था. बेंगलुरु जीआरपी में शून्य पर मामला दर्ज होने के बाद डायरी इटारसी भेजी गई, जहां असल अपराध क्रमांक 380/26 धारा 305(सी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### सीसीटीवी और साइबर सेल से खुली कड़ी

रेल पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, एएसपी नीतू सिंह डावर और डीएसपी महेंद्रसिंह कुल्हारा के निर्देशन में इटारसी थाना प्रभारी संजय चौकसे के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने भोपाल, रानी कमलापति और इटारसी स्टेशनों के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। इसके साथ ही साइबर सेल की मदद से चोरी गए मोबाइल की सीडीआर निकाली गई, जिससे पहला सुराग हाथ लगा। पुलिस ने सबसे पहले पुतलीघर भोपाल निवासी शमीम अख्तर (68 वर्ष) को दबोचा, जिसके पास से चोरी का वनप्लस मोबाइल बरामद हुआ। शमीम ने बताया कि उसने यह मोबाइल अपने परिचित भूरा उर्फ आशीष से महज 1,000 रुपये में खरीदा था।

### विश्व कल्याण और अच्छी बारिश की कामना

इटारसी। पूज्य पंचायत सिंधी समाज के तत्वावधान में झूलण सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन किया जा रहा है। आगामी 22 जून, दिन सोमवार को शहर के मुख्य बाजार स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ मीठे चावल के प्रसाद का वितरण किया जाएगा। झूलण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना और विश्व कल्याण की भावना है। समिति द्वारा प्रतिवर्ष यह परंपरा पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। श्री झूलेलाल मंदिर में सोमवार को सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे, जिसके बाद भगवान को भोग लगाकर आम जनता और श्रद्धालुओं के लिए मीठे चावल का प्रसाद वितरित किया जाएगा। सिंधी समाज और समिति के सदस्यों ने सभी धर्मप्रेमी जनता से मंदिर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने और इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की है।

## जिला अधिवक्ता संघ निर्वाचन की बैठक संपन्न, 4 निर्वाचन अधिकारी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम के आगामी निर्वाचन की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चुनाव अधिकारी एस.एस. पटैल तथा वरिष्ठ अधिवक्तागण एस.एस. ठाकुर, बी.के. चौहान, जे.के. तिवारी, रमेश परिहार एवं के.के. जराठे विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचन संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। मुख्य चुनाव अधिकारी एस.एस. पटैल ने सभी सुझावों पर बिंदुवार उत्तर देते हुए निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की। बैठक के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी श्री पटैल द्वारा निर्वाचन कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु चार सहायक निर्वाचन अधिकारियों के नामों की घोषणा भी की गई। उन्होंने टी.एस. चौहान, राजेश अग्रवाल, अभिषेक शुक्ला एवं रीतेश विश्वकर्मा को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए जाने की घोषणा की। बैठक में अधिवक्ता अजय श्रीवास्तव, राजीव दुबे, अनूप चौबे, प्रशांत पालीवाल, कुसुम तोमर, दिलीप सिंह, सुरेन्द्र राजपूत, कल्पेश दुबे, मनोज जराठे आदि मौजूद रहे।

## तवा पुल पर आज शाम 6 बजे तक भारी वाहन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के व्यस्ततम एवं प्रमुख तवा पुल पर भारी वाहनों के अत्यधिक आवागमन के कारण पुल मरम्मत योग्य हो गया है। पुल की समय पर मरम्मत नहीं होने की स्थिति में किसी अप्रिय घटना की संभावना एवं सुगम यातायात मार्ग अवरुद्ध होने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए तवा पुल पर भारी वाहनों के आवागमन को अस्थाई रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम श्री अनिल कुमार जैन द्वारा संभागीय प्रबंधक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, संभाग नर्मदापुरम के प्रतिवेदन के आधार पर आदेश जारी करते हुए तवा पुल की मरम्मत कार्य अवधि के दौरान 16 जून शाम 6 बजे तक भारी वाहनों के आवागमन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

संभागीय प्रबंधक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, संभाग नर्मदापुरम एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात), जिला नर्मदापुरम द्वारा संयुक्त निरीक्षण उपरांत भारी वाहनों हेतु निम्नानुसार वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं— पिपरिया/जबलपुर से भोपाल/इंदौर की ओर जाने वाले भारी वाहन व्हाया पिपरिया-सांडिया-बरेली मार्ग से भोपाल, इंदौर की ओर डायवर्ट किए जाएंगे।

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करने के विरोध में युकां ने पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटसारसी



सोमवार को जयस्तंभ चौक पर युवा कांग्रेस द्वारा पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जैसवाल के मार्गदर्शन में एवं जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे मयंक चौरे प्रतीक मालवीय विशाल बड़कुर, अमीर खान, युवराज चौधरी के नेतृत्व में मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त करने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया तथा चुनाव आयोग का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की भावना के विपरीत है। इस अवसर पर मयूर जैसवाल ने कहा कि भाजपा ने एक बार फिर अपना महिला विरोधी चेहरा उजागर किया है। महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को कमजोर करने और विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे युवा कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। प्रदर्शन के दौरान संजय मेहरा, हार्दिक जैसवाल, आकाश चौधरी, नमन पटेल, आदित्य चौधरी, अनिमेष यादव, विशाल राय, करन चौधरी, युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया तथा जनमत के सम्मान की मांग करते हुए नारेबाजी की।

## जिला प्रबंधक लोक सेवा ने लोकसेवा केंद्रों का दौरा किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सुशासन के अंतर्गत जिले में आमजन को सुलभ, सरल एवं पारदर्शी तरीके से सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला लोक सेवा प्रबंधन श्री आनंद झेरवार द्वारा सोमवार को लोक सेवा केंद्र सिवनी मालवा एवं लोक सेवा केंद्र डोलरिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री झेरवार ने दोनों केंद्रों की व्यवस्थाओं, प्राप्त आवेदनों, अभिलेखों एवं ऑनलाइन सेवाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। लोक सेवा केंद्र सिवनी मालवा के निरीक्षण में कुछ आवेदनों में अपूर्ण प्रिंट एवं ऑनलाइन प्रिंट पर आवेदकों के हस्ताक्षर नहीं पाए गए। इस पर ऑपरेटरों को निर्देशित किया गया कि सभी ऑनलाइन भरे गए आवेदनों के पूर्ण प्रिंट आउट निकालकर आवेदकों के अनिवार्य रूप से हस्ताक्षर लिए जाएं तथा शत-प्रतिशत ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए।

### कृषि अनुसंधान परिषद पवारखेड़ा में कार्यक्रम आयोजित

## खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई, जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान पवारखेड़ा केंद्र द्वारा सोमवार को केसला विकासखंड के ग्राम मल्लूपुरा में ₹खेत बचाओ अभियान₹ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मृदा संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का संचालन आ ई सी ए आ र - सी आ ई ए फ ई पवारखेड़ा केंद्र के अधिकारी प्रभारी एवं वैज्ञानिक डॉ. शशि भूषण के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर वैज्ञानिक डॉ. हर्षा हरिदास तथा तकनीकी अधिकारी हसन जावेद भी उपस्थित




रहे। कार्यक्रम में किसानों को रासायनिक उर्वरकों के न्यूनतम एवं संतुलित उपयोग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने बताया कि अत्यधिक उर्वरकों के उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है तथा उत्पादन लागत बढ़ती है। किसानों को हरित उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने और जैविक स्त्रोतों से पोषक तत्वों की पूर्ति करने की सलाह दी गई। वैज्ञानिकों ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि इसके आधार पर खेत की वास्तविक पोषक तत्व स्थिति का पता लगाया जा सकता है तथा आवश्यकतानुसार उर्वरकों का वैज्ञानिक उपयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही फसल चक्र अपनाने के लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। किसानों को बताया गया कि फसल चक्र से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, कीट एवं रोगों का प्रकोप कम होता है तथा उत्पादन में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में फसल अवशेष प्रबंधन पर भी विशेष जोर दिया गया। किसानों को फसल अवशेषों को जलाने से होने वाले पर्यावरणीय एवं मृदा संबंधी नुकसान के बारे में जानकारी दी गई तथा अवशेषों को खेत में मिलाने, कम्पोस्ट बनाने एवं मल्चिंग जैसी तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने विभिन्न कृषि विषयों पर अपने प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।

## कलचुरी समाज की बैठक संपन्न, कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भगवान श्री सहस्त्रबाहु मार्ग वार्ड-12 स्थित कलचुरी समाज भवन में हैहय छत्रिय कलचुरी (कलार) समाज, इटारसी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत आराध्य देव भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार मालवीय (शिक्षक) ने वरिष्ठ जनों और संरक्षकों की सहमति से समाज की नवीन वरिष्ठ श्रेणी कार्यकारिणी की घोषणा की।

अध्यक्ष अशोक कुमार मालवीय ने सभी को बधाई देते हुए समाज हित में कार्य करने का संकल्प जताया। अंत में दिवंगत सामाजिक जनों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता अश्वनी मालवीय ने और आभार प्रदर्शन सचिव विनीत चौकसे ने किया।

## वाहन चालक नहीं करते यातायात नियमों का पालन, इसलिए बढ़ रहीं दुर्घटनाएं

# 5 माह में 467 सड़क हादसे, 194 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



जिले में वाहन चालकों के लिए सडक़ सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा बन चुका है। हेलमेट की अनदेखी, नियमों को ताक पर रखना और तेज गति से वाहन चलाने के कारण सडक हादसों में तेजी से इज़ाफा हो रहा है। अभी 5 माह यानि जनवरी से मई तक 467 सडक़ हादसे हो चुके है। जिसमें 194 लोगों की जान चली गई, वहीं 502 घायल हुए है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण युवा बाइक सवारों के हेलमेट का उपयोग नहीं करने और लापरवाह तरीके से तेज रफ्तार बाइक दौड़ाने की आदतें, सडक दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रही हैं।

सडक हादसे रोकने के लिए पुलिस और ट्रॉफिक पुलिस सडक़ पर उतरकर लोगों को जागरूक भी करती है, मगर इसका कोई असर नहीं दिख रहा। कुछ वर्षों की बात की जाए को सबसे अधिक दुर्घटनाएं बाइक सवारों के कारण हुईं, जो तेज रफ्तार और हेलमेट न पहनने के कारण गंभीर रूप से घायल हुए या अपनी जान गंवा बैठे। यातायात पुलिस का साफ कहना है, कि हेलमेट सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है, खासकर बाइक सवारों के लिए। सडक़ दुर्घटनाओं में सबसे अधिक जानलेवा चोटें सिर पर ही आती हैं। सिर पर गंभीर चोट लगने से दुर्घटना में मृत्यु का खतरा 60 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। यही कारण है कि हेलमेट पहनने को अनिवार्य किया गया है, लेकिन शहर में हेलमेट पहनने की आदत बहुत कम है, जिससे हर वर्ष कई जानें चली जाती हैं। हेलमेट न पहनने के कारण हर वर्ष मृत्युदर और घायलों की संख्या बढ़ती जा रही है। यदि हेलमेट का सही तरीके से उपयोग किया जाए, तो यह सिर की सुरक्षा करता है और दुर्घटना के दौरान होने वाली चोटों को काफी हद तक कम करता है।

### जिले में सड़क हादसों की तीन बड़ी वजह

जिले में सडक़ हादसों के पीछे तीन वजहों को मुख्य कारण माना जा रहा है। जिन्हें सुधारने की जरूरत है। पहली वजह यह कि बैतूल-खंडवा मार्ग का महुपानी मोड़, बरेठा घाट और ताप्ती घाट जैसे इलाके ब्लैक स्पॉट बन चुके हैं। यहां साइन बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स नहीं हैं। दूसरी वजह ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, पिकअप, ट्रकों जैसे मालवाहक वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाना भी हादसों का कारण बन रहा है। वहीं तीसरी वजह जिले में ओवरलोडिंग और वाहन चलाते समय लापरवाही बरतना खास वजह है। लोग वाहनों की गति निर्धारित से अधिक रखते है। जिससे वजह स्वयं हादसों का शिकार होते है, साथ ही दूसरों को भी गंभीर रूप से चोटिल करते है। कई बार हादसों में लोगों की जान तक चली जाती है।

### हेलमेट जरूरी, फिर भी इसे करते हैं नजरअंदाज

बढ़ती सडक दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन गंभीर है। आये दिन अभियान चलाकर ट्रॉफिक पुलिस हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाही करती है, लेकिन असर नजर नहीं आ रहा। बैतूल जिले की सडकों पर चालक बिना हेलमेट पहने धड़ल्ले से दो पहिया वाहन दौड़ाते हैं। पुलिस से बचने के लिए कई वाहन चालक हेलमेट साथ लेकर जरूर चलते हैं, लेकिन सिर पर नहीं पहनते। ऐसे में सवाल यही उठता है कि आखिर दुपहिया वाहन चालकों के लिए जब हेलमेट लगाना अनिवार्य है, फिर क्यों लोग अपनी आदत में सुधार नहीं ला रहे। पुलिस जब चेकिंग अभियान चलाती है तब लोग या तो जुर्माना भरते है या फिर पैरवी के लिए दौड़ लगाते हैं, लेकिन वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं लगाते।

### जागरुकता की कमी या फिर जिंदगी से प्यार नहीं

यातायात पुलिस के द्वारा वसूले गये जुर्माने की राशि बताती है कि किस तरह से लोग हेलमेट को नजरअंदाज कर रहे हैं और दोपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाना पसंद नहीं कर रहे हैं, लेकिन ऐसे में सवाल यही है कि आखिर अर्थदंड होने के बाद भी लोग हेलमेट लगाना क्यों पसंद नहीं करते है। क्या जागरूकता की अभी भी लोगों में कमी है या फिर उन्हें अपनी जिंदगी से प्यार नहीं है। जब लोग गाड़ी खरीदते है, तब भी हेलमेट अनिवार्य रूप से दिया जाता है, लेकिन हेलमेट को लेकर लोगों में अभी भी जागरूकता की कमी है।

### 8 प्रतिशत लोग भी नहीं लगाते हेलमेट

जिले और शहर में कुछ सालों में वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है। सडकों पर ट्रॉफिक का दबाव बढ़ा है। सडक़ हादसों में इजाफा हुआ है। इन सडक़ हादसों को कम करने के लिए दोपहिया वाहन चलाते समय चालक और पीछे बैठने वाले दोनों व्यक्तियों को हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है। लेकिन शहर में 8 फीसदी भी वाहन चालक हेलमेट नहीं लगाते है, जबकि दो पहिया वाहन चलाते समय हुए हादसों में सर्वाधिक मौत बिना हेलमेट वालों की हुई है। कुछ समय पहले तो यह भी कहा गया था कि पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के आने वालों को पेट्रोल नहीं दिया जाए, लेकिन यह तमाम नियम, कानून हवा हवाई हो गए। जागरूक लोगों का कहना है कि वाहन चालक हेलमेट तो लेते हैं, लेकिन उसे लगाते नहीं है।

### सडक हादसे रोकने के लिये पुलिस और यातायात पुलिस द्वारा किये गये उपाय

(1) शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्र में यातायात जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन।

(2) सोशल मीडिया, फ्लेक्स बैनर एंव पेम्पलेट वितरण कर यातायात नियमों की जानकारी।

(3) सडक सुरक्षा समिति की बैठक में सडक डिजाइन, रोड मार्किगं, रोड शाइनेज लगाना।

(4) एक्सीडेंट जोन एरिया को चिन्हित कर सडक निर्माण एजेंसी से शॉर्ट टर्म परिशोधन कार्य कराना।

(5) व्यवसायिक वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाना और नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाही।

(6) नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे पर स्थित जंक्शन पाईंट पर एप्रोच रोड से आने वाले वाहनो को रोककर दाहिने-बाये देखकर मार्ग कास करने की समझाइश।

### इनका कहना है

सड़क हादसों को कम करने के लिए समय-समय पर जागरूकता शिविर और पेम्पलेट, बैनर, पोस्टर सहित अन्य माध्यमों से वाहन चालकों को जागरूक करते है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाही भी की जाती है, लेकिन इसके बाद भी वाहन चलाते समय लोग नियमों की अनदेखी और लापरवाही करते है। जिससे सडक हादसे होते है।

**गजेन्द्र कैन**, प्रभारी, यातायात पुलिस, बैतूल

## नशे में पटरी पर हादसा

# समता एक्सप्रेस की चपेट में आया युवक, दोनों पैर कटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



रेलवे ट्रैक पार करते समय समता एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भीषण था कि उसके दोनों पैर कट गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है। जीआरपी चौकी प्रभारी रविश कुमार ने बताया कि घायल की पहचान हेमंत पिता हीरा (35) निवासी रामनगर के रूप में हुई है। हेमंत शहर में फुटपाथ पर चश्मे और बेल्ट बेचकर अपना जीवनयापन करता है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना के समय हेमंत रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रही समता एक्सप्रेस की चपेट में वह आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसके दोनों पैर कट गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे भोपाल रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना के समय युवक नशे की हालत में था। हालांकि हादसे की वास्तविक परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। जीआरपी ने मामला दर्ज कर लिया है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# 48 घंटे के भीतर हत्या के प्रयास के पांच आरोपी गिरफ्तार, हथियार, वाहन जब्त



**सारणी।** पाथाखेड़ा एवं सारणी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बिगाडऩे तथा हत्या के प्रयास की वारदात में शामिल पांच आरोपियों को सारणी पुलिस ने घटना के 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोटरसाइकिल, दो तलवार, एक छुरा एवं एक डंडा भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 12 जून 2026 को जगजीवन नगर पाथाखेड़ा निवासी विशाल पवार (26 वर्ष) ने थाना सारणी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 जून की रात करीब 10 बजे वह मोहल्ले में घूम रहा था। इसी दौरान राजकमल गिरी, राज कैथवास, विक्की उर्फ मामू, विकास उर्फ बुद्धु साहू एवं अन्य साथी पुरानी रंजिश के चलते तलवार लेकर पहुंचे और जान से मारने की नीयत से उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उसके सिर और दोनों हाथों पर वार किए तथा आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया। मामले में थाना सारणी में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने 14 जून को कार्रवाई करते हुए राजकमल गिरी (22), विक्की उर्फ मामू (26), विकास उर्फ बुद्धु साहू (26), बंटी उर्फ मान्या (29) तथा सागर सूर्यवंशी (28) को गिरफ्तार कर लिया। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारणी

### चिनार कंपनी का पुतला फूंका

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सारनी के अध्यक्ष बटेश्वर भारती ने मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (म.प्र.पा.ज.कं.लि.) सारनी के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में निर्मित हो रही नई यूनिटों में स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की हैं। डिस्मेंटल का कार्य कर रही चिनार कम्पनी द्वारा स्थानीय मजदूरों कामगारों को काम नहीं देने को लेकर चिनार कम्पनी पुतला फूंका और प्रशासन को चेताया कि यदि इसी तरह स्थानीय मजदूरों कामगारों की उपेक्षा की गई तो जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के संज्ञान में मामला लाकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस बीच मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश सचिव समीर खान एवं हर्षवर्धन धोटे ने कहा कि सारनी में नई यूनिटों के निर्माण कार्य में बाहरी कंपनियों द्वारा स्थानीय युवाओं को अपेक्षित रोजगार नहीं दिया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के युवाओं में निराशा और असंतोष का माहौल बन रहा है। जबकि क्षेत्र के युवा योग्य, मेहनती एवं कार्य करने के इच्छुक हैं। बटेश्वर भारती ने कहा कि सारनी क्षेत्र की जनता लंबे समय से रोजगार के अवसरों की अपेक्षा कर रही है। ऐसे में नई यूनिटों के निर्माण कार्यों में स्थानीय युवाओं की भागीदारी करना आवश्यक है। प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। अन्यथा इस आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। कांग्रेस नेता भूषण कांति ने कहा कि नई यूनिटों के निर्माण एवं अन्य संबंधित कार्यों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाए।

# 4147 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन पंजीयन कर किया योगाभ्यास



**बैतूल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं नगर पालिका के सहयोग से आयुष विभाग और शिक्षा विभाग द्वारा शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम बैतूल में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातः 6.15 बजे आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने योगाभ्यास स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रम की जानकारी ली। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों ने सहभागिता कर ऑनलाइन जुड?र योगाभ्यास का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के प्रयास में भाग लिया। जिले से कुल 4147 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन पंजीयन कर योगाभ्यास किया, जबकि जिले के 17 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों सहित विभिन्न स्थानों पर 902 लोगों ने सामूहिक रूप से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन योगाभ्यास में सहभागिता की।

## आम नागरिकों को दी शासन की योजनाओं की जानकारी

# 218 आवेदन, 88 का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी




मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर आम नागरिकों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसके तहत पाथाखेड़ा के वार्ड 19 स्थित उप क्षेत्रीय नगर पालिका कार्यालय में शिविर का आयोजन सोमवार 15 जून को प्रातः 10.30 बजे से किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के आवेदन प्राप्त हुए। जनकल्याकारी शिविर की शुरूआत नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद बेबी ठाकुर, आकाश पंद्राम, जफर अंसारी, गणेश महस्की, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम, उपयंत्री कमलेश पटेल समेत अन्य लोगों ने की। इस दौरान शिविर स्थल पर कई लोगों ने पहुंचकर केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी ली। कई हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। शिविर में नल कनेक्शन, नो ड्यूज, हैंडपंप सुधार, संबल योजना, कर्मकार मंडल, दिव्यांगजन, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन योजनाओं के आवेदन आए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। आज शोभापुर में होगा शिविर। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि मंगलवार 16 जून को शोभापुर के जैरी चौक पर उक्त शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें सभी वार्डों के हितग्राही शामिल हो सकते हैं। नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ लेने का आग्रह किया है।

## सामाजिक जागरुकता बढ़ी

# शिविर में 67 यूनिट रक्त संग्रहित महिलाएं बढ़-चढ़कर भागीदार बनी




हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

भारत विकास परिषद, मुलताई के तत्वावधान में तथा जिला चिकित्सालय बैतूल के सहयोग से नगर के क्रिश मेमोरियल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शाम खबर लिखे जाने तक 67 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया था और रक्तदान प्रारंभ था। रक्तदान शिविर का सबसे उल्लेखनीय पहलू महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। शिविर में लगभग एक दर्जन महिलाओं ने रक्तदान कर समाज के समक्ष प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

इससे स्पष्ट होता है कि महिलाओं में भी रक्तदान को लेकर जागरूकता और सकारात्मक सोच निरंतर बढ़ रही है। शिविर का शुभारंभ भारत विकास परिषद के प्रमुख डॉ. अंकुश भार्गव द्वारा रक्तदाताओं का सम्मान कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बैतूल जिले में होने वाली अनेक सडक़ दुर्घटनाओं और गंभीर बीमारियों के मामलों में समय पर रक्त उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों की जान पर संकट आ जाता है। वर्तमान में जिले में रक्त की कमी लगातार महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि रक्त एक ऐसी अमूल्य जीवनरक्षक सामग्री है जिसका निर्माण केवल मानव शरीर में ही संभव है और इसका कोई कृत्रिम विकल्प उपलब्ध नहीं है। डॉ. भार्गव ने बताया कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की शारीरिक कमजोरी नहीं आती, बल्कि नियमित अंतराल पर रक्तदान करना स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक माना जाता है। पवित्र नगरी मुलताई में प्रतिवर्ष विभिन्न सामाजिक एवं सेवा संस्थाओं द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। हालांकि उन्होंने सुझाव दिया कि नगर की विभिन्न संस्थाओं को आपसी समन्वय बनाकर रक्तदान शिविरों की समय-सारिणी निर्धारित करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शिविर में ऐसे कई लोग रक्तदान करने पहुंचे थे, जिन्होंने हाल ही में अन्य शिविरों में रक्तदान किया था और निर्धारित समय सीमा पूरी नहीं होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। शिविरों के बीच उचित अंतराल रखा जाए। तो लोग रक्तदान कर सकेंगे।

## कांग्रेस ने प्रेसवार्ता आयोजित कर केंद्र और राज्य सरकार पर साधा निशाना

# मीनाक्षी का नामांकन निरस्त लोकतंत्र का काला अध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



लोकतंत्र, किसानों, पेयजल व्यवस्था, मेडिकल कॉलेज, महंगाई और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय बैतूल गंज में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है और यह लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। श्री डागा ने कहा कि जिस आधार पर नामांकन निरस्त किया गया, उसने चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि जिस निजी परिवाद का हवाला दिया गया, उसमें मीनाक्षी नटराजन अभियुक्त नहीं प्रतिवादी थीं।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33ए और फॉर्म-26 की भावना के अनुरूप नामांकन निरस्त करने का आधार नहीं था। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे विवादित आधारों पर नामांकन खारिज किए जाएंगे तो भविष्य में मनमानी और अनिश्चितता की स्थिति पैदा होगी। श्री डागा ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन जी जैसी साफ-सुथरी छवि, वैचारिक प्रतिबद्धता और जनसेवा के लिए समर्पित नेता को चुनावी प्रक्रिया से बाहर किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। पत्रकार वार्ता में संगठन महासचिव ब्रजभूषण पांडे, जिला प्रवक्ता लवलेश बब्बा राठौर, विजय पारधी सोशल मीडिया प्रभारी अनूप जैसवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव, जिला सचिव अभय वर्मा उपस्थित थे।

### खाद संकट से परेशान किसान

इसके साथ ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने बताया कि जिले में ई-टोकन सिस्टम पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। किसान खाद के लिए परेशान हैं और दूर-दूर से किसी प्रकार खाद खरीदने पहुंच रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई किसानों को उनके ब्लॉक से दूर स्थित दुकानों का आवंटन किया जा रहा है, जिससे उन्हें अतिरिक्त परिवहन खर्च उठाना पड़ रहा है। पहले से महंगी खाद के कारण किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। साथ ही किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीजल भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

### मेडिकल कॉलेज की भूमि की चिंता

पत्रकार वार्ता में पीपीपी मोड पर बनाए जा रहे मेडिकल कॉलेज का मुद्दा भी उठाया गया। निलय विनोद डागा ने कहा कि कांग्रेस की लंबे समय से मांग रही है कि मेडिकल कॉलेज को सरकारी किया जाए। उन्होंने दावा किया कि मेडिकल कॉलेज के लिए आवंटित भूमि में ऐसे लोगों को भी सरकार द्वारा पट्टे दिए गए हैं, जिन्होंने वहां अपने मकान बना रखे हैं। कांग्रेस ने मांग की कि जिन लोगों को पट्टे दिए गए हैं या जिनके मकान वहां बने हुए हैं, उनकी भूमि किसी भी कीमत पर अधिग्रहित नहीं की जानी चाहिए।

### महंगाई से आम जनता त्रस्त

कांग्रेस ने गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर भी सरकार को घेरा। निलय विनोद डागा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम कम होने के बावजूद पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि फरवरी में घरेलू गैस सिलेंडर 877 रुपये था, जो जून में बढक़र 966 रुपये हो गया। वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर फरवरी के 1740 रुपये से बढक़र जून में 3113 रुपये तक पहुंच गया। पेट्रोल की कीमत फरवरी में 107.48 रुपये प्रति लीटर से बढक़र जून में 115.05 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल की कीमत 92.83 से बढक़र 100.70 प्रति लीटर हो गई है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर नाराजगी

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश और मध्यप्रदेश में नीट सहित कई प्रतियोगी परीक्षाएं अंतिम समय में निरस्त या स्थगित की जा रही हैं, जिससे युवाओं में हताशा का माहौल बन रहा है। उन्होंने भोपाल में आयोजित जेल प्रहरी परीक्षा का उदाहरण देते हुए कहा कि अभ्यर्थियों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक परीक्षा कक्ष में बैठाने के बाद परीक्षा स्थगित कर दी गई। उन्होंने कहा कि हजारों रुपये खर्च कर परीक्षा केंद्र पहुंचने वाले युवाओं को निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

### जहाज पर हमले को बताया चिंताजनक

निलय विनोद डागा ने ओमान के निकट भारतीय नाविकों वाले जहाज पर हुए हमले को अत्यंत चिंताजनक और दुखद बताया। उन्होंने कहा कि देश को विश्वगुरु बनाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन भारतीय नागरिकों और जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने राहुल गांधी के पुराने बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप अब सही साबित होते दिखाई दे रहे हैं। जयशंकर के इस बयान के बाद कि अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने की अनुमति दी थी, केंद्र सरकार की विदेश नीति और उसके दावों पर नए सवाल खड़े हो गए हैं।

# युवा कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने पर युवा किया प्रदर्शन



**बैतूल।** कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में सोमवार को जिला युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजय सरदार यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लल्ली चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन के दौरान पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार कर आग बुझाने और प्रदर्शन को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता अपने विरोध पर डटे रहे। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजय सरदार यादव ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन जैसी वरिष्ठ और ईमानदार नेत्री का राज्यसभा नामांकन कथित रूप से तकनीकी आधारों पर निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग अपनी संवैधानिक निष्पक्षता खो चुका है और भाजपा सरकार के दबाव में कार्य कर रहा है। उनका कहना था कि विपक्ष की आवाज को दबाने और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को कमजोर करने के उद्देश्य से इस प्रकार की कार्रवाई की गई है। युवा कांग्रेस नेताओं संजय सरदार यादव और प्रीतेश गंगारे ने संयुक्त रूप से कहा कि निर्वाचन आयोग अब स्वतंत्र संस्था की बजाय भाजपा के कठपुतली विभाग की तरह कार्य करता दिखाई दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विपक्ष की बढ़ती राजनीतिक ताकत से घबराकर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। य

## खबर संक्षेप

### कुशवाहा मौर्य क्षत्रिय समाज का पौधरोपण

**सोहागपुर।** कुशवाहा मौर्य क्षत्रिय संगठन सोहागपुर ने गत दिवस संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश कुशवाहा के जन्मदिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम किया। इस दौरान संगठन सदस्यों ने पलकमती नदी के किनारे पीपल के पौधे का रोपण किया। साथ ही सभी ने प्रकृति संरक्षण में अपने सतत योगदान का संकल्प लिया। पौधरोपण कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ सदस्य गोपालशंकर मासाब, संतोष मौर्य, दादूराम कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, रमेश ठेकेदार गुड्डू भाई, रमेश कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, सचिन कुशवाहा, राजेश मौर्य एवं पार्षद आशीष विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेस कमेटी ने जलाया पुतला

**पिपरिया।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश अनुसार नगर युवक कांग्रेस कमेटी एवं युवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष कमलेश साहु चिंकू के कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पचमढ़ी रोड स्थित शिवाजी महाराज चौराहा पर निर्वाचन आयोग मध्य प्रदेश का पुतला दहन किया गया। तथा भाजपा की प्रदेश सरकार केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

कांग्रेस का कहना है। संविधान की भावना एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को आघात पहुंचाने का भाजपा एवं निर्वाचन आयोग पर पक्षपात करने का आरोप लगाया गया।इस अलौकतांतरिक पक्षपात पूर्ण निर्णय के विरोध में युवा कांग्रेस के नेतृत्व में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता का प्रतीकात्मक रूप में पुतला दहन कर विरोध जताया गया।

### सड़क पर उतरे सैकड़ों कार्यकर्ता, एसबीआई चौराहा रोका, तालाबंदी नहीं कर सके

# कांग्रेस ने नगरपालिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ महाप्रदर्शन किया

शहर की बदहाल बुनियादी सुविधाओं और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन जारी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इटारसी में नगरपालिका के विरुद्ध धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की बदहाल बुनियादी सुविधाओं और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ सोमवार को नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस ने एक बड़ा और उग्र प्रदर्शन किया। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस आंदोलन के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकाली और नगर पालिका में तालाबंदी के लिए निकले। सभी को एसबीआई चौराहे पर ही बैरीकेडिंग करके रोक दिया गया।

### चिकमंगलूर चौराहा से एसबीआई तक गरजी कांग्रेस

आंदोलन की शुरुआत लाइन पहली से हुई। मयूर जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता, पदाधिकारी, युवा और महिला विंग के सदस्य नारेबाजी करते हुए चिकमगलूर चौराहा और ऑडिटोरियम रोड होते हुए एसबीआई चौराहे की ओर बढ़े। रैली में 300 से 400 से अधिक लोग शामिल थे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा और टीआई सौरभ पांडे के नेतृत्व में पुलिस बल ने बैरिकेडिंग कर रैली को आगे बढने से रोका, जिससे आक्रोशित प्रदर्शनकारी सड़क पर ही बैठ गए और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।

### अल्टीमेटम : 15 मिनट में आएं, नहीं तो नपा में ताला

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पूर्व नगर अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने तीखे तेवर दिखाते हुए प्रशासन को खुली चेतावनी दी। उन्होंने कहा इटारसी की जनता पीने के पानी, टूटी सड़कों और गंदगी से बेहाल है। अगर एसडीएम या नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी 15 मिनट के भीतर मौके पर आकर हमारी मांगें नहीं सुनते हैं, तो हम नगर पालिका दफ्तरों में तालाबंदी करने पर मजबूर होंगे।

मयूर जायसवाल ने बयान देते हुए कहा कि उन्होंने प्रशासन को पर्याप्त समय दिया था, लेकिन उनकी चुप्पी के कारण यह कदम उठाना पड़ा। यदि 1 महीने के भीतर जनता से जुड़ी इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो इससे भी उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### ये हैं आंदोलन की 5 प्रमुख मांगें और शिकायतें

सड़कों की दयनीय हालत और भ्रष्टाचार : शहर की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कायाकल्प जैसी योजनाओं में करोड़ों की अनियमितता और भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी जांच कर दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई हो।

### पुलिस मुस्तैद, नपा ने साधी चुप्पी

मामले पर जानकारी देते हुए एसडीओपी वीरेंद्र मिश्र और टीआई सौरभ पांडे ने बताया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग की गई थी और कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही। दूसरी ओर, इस पूरे उग्र प्रदर्शन और चक्काजाम को लेकर नगर पालिका प्रशासन की तरफ से अध्यक्ष पंकज चौरे ने इसे केवल राजनीतिक स्टंट करार दिया और कहा कि नगर पालिका चुनाव के लिए तैयारी के तहत यह प्रोपेगंडा किया जा रहा है, जबकि नगर पालिका हर क्षेत्र में काम कर रही है, इनके मंसूबे जनता पूरे नहीं होने देगी।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मयूर जैसवाल ने कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है, केन्द्र से लेकर नगर पालिका तक भाजपा का राज है, इनके मन से डर खत्म हो गया है, मनमानी चल रही है। हमारी सरकार आयी और तब भी ऐसा ही विकास में लापरवाही हुई हम तब भी आंदोलन करके सत्ता को चेताएंगे। आज एसडीएम को ज्ञापन दिया है, उन्होंने कल बात करने बुलाया है, हमारी मांगें नहीं मानी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### ये है प्रमुख मांगें

**गंभीर पेयजल संकट** : कई वार्डों में नल नियमित नहीं आ रहे हैं और लोग टैंकरों के भरोसे हैं। व्यवस्थित पेयजल आपूर्ति तुरंत बहाल की जाए।

**नालियों के बीच से गुजरती पाइपलाइन** : शहर में कई जगह पानी की पाइपलाइनें गंदी नालियों के भीतर से गुजर रही हैं, जिससे दूषित पानी और संक्रमण का खतरा है। इन्हें तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाए।

**टैक्स वसूली में मनमानी** : बाजार क्षेत्रों में नगर पालिका द्वारा बिना किसी उचित कारण के व्यावसायिक करों में भारी बढ़ोतरी की गई है। दुकानदारों के हित में इस मनमाने टैक्स को तत्काल निरस्त किया जाए।

**ध्वस्त सफाई व्यवस्था** : वार्डों में कचरे के ढेर लगे हैं और सफाई कर्मी समय पर नहीं आ रहे हैं। सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाया जाए।

## कांग्रेस की मांग : किसानों को कैन और बैरल में डीजल मिले



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

क्षेत्र में किसानों को केन एवं बैरल में डीजल नहीं मिलने से कृषि कार्य प्रभावित होने की आशंका के बीच नगर कांग्रेस ने जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि हाल ही में जारी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना के बाद कई पेट्रोल पंप संचालक किसानों को केन अथवा बैरल में डीजल देने से इंकार कर रहे हैं, जिससे किसानों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान समय में मानसून पूर्व कृषि गतिविधियां तेज गति से चल रही हैं। खेतों की तैयारी, जुताई, मूंग फसल की कटाई सहित विभिन्न कृषि कार्यों में ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और अन्य कृषि यंत्रों का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। इन यंत्रों के संचालन के लिए पर्याप्त मात्रा में डीजल की आवश्यकता होती है, लेकिन खेतों में कार्यरत मशीनों को बार-बार पेट्रोल पंप तक ले जाकर डीजल भरवाना किसानों के लिए व्यावहारिक नहीं है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सिवनी मालवा तहसील कृषि प्रधान क्षेत्र है और यहां कई गांव पेट्रोल पंपों से 50 से 60 किलोमीटर दूर स्थित हैं। ऐसी स्थिति में किसानों को डीजल लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और श्रम के साथ अतिरिक्त आर्थिक भार भी बढ़ रहा है। वहीं ट्रैक्टरों की सीमित ईंधन क्षमता के कारण किसानों को बार-बार पेट्रोल पंपों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मंत्रालय की अधिसूचना में एक उपभोक्ता को प्रतिदिन अधिकतम 200 लीटर डीजल दिए जाने का प्रावधान है। कांग्रेस ने मांग की है कि किसानों को आवश्यक पहचान दस्तावेजों एवं निर्धारित नियमों के तहत केन और बैरल में डीजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि कृषि कार्य बाधित न हों।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने जिला प्रशासन से संबंधित विभागों एवं पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि किसानों को डीजल उपलब्ध कराने के लिए व्यावहारिक समाधान निकाला जाना चाहिए, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा, युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष हैरीसन स्वामी, पृथ्वीराज रघुवंशी, शेख साजिद कुरैशी, नर्मदा गौर, प्रशांत गोस्वामी, देवेंद्र रघुवंशी, कृष्णकांत मानिक, आकाश दर, फारूक, दीपक गोस्वामी, रामबाबू बैरागी, समीउल्लाह शाह सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन, खेल मैदान और बुनियादी सुविधाओं की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा के मार्गदर्शन में सोमवार को इटारसी आगमन पर जबलपुर जोन के महाप्रबंधक (जीएम) दिलीप कुमार सिंह से संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक को 14 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन सौंपा गया।

मुलाकात के दौरान मंडल संगठक प्रीतम तिवारी ने पूरे भोपाल मंडल के रेलवे खेल मैदानों की दयनीय स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए उन्हें तत्काल ठीक कराने की पुरजोर मांग रखी। इसके साथ ही नए स्टेशन भवन के जल्द निर्माण, रेलवे कॉलोनियों की सड़कों की स्थिति सुधारने और कर्मचारियों से जुड़े अन्य आवश्यक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने संघ को आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द सभी समस्याओं का निराकरण कर रेलकर्मियों के हित में कार्य किए जाएंगे।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से मंडल कोषाध्यक्ष भागीरथ मीणा, मंडल संगठक प्रीतम तिवारी, उप मंडल अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य राजेश गौर, महाकाल कश्यप, संजय कैचे, अर्जुन उत्वारा, गुलाब सरोदे, राजेश यादव, अमित डगर, अशोक, राजेश कुमार, तरुण शुक्ला, ज्ञानेंद्र दुबे, रोहित रैकवार, रविंद्र चौधरी, मुकेश, हरिप्रसाद, सुदीप मंसूरिया, हेमराज सिसोदिया एवं महेश लिंगायत शामिल रहे। उक्त जानकारी मंडल संगठक प्रीतम तिवारी द्वारा दी गई।

## नर्मदापुरम-दिल्ली फोरलेन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया तेज

### फोरलेन से होगा फायदा, व्यापार, रोजगार और निवेश को लाभ, व्यापारियों व किसानों की बढ़ेगी आमदनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

नर्मदापुरम से दिल्ली मार्ग के उन्नयन एवं फोरलेन सड़क निर्माण परियोजना को लेकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज हो गई है। भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 के तहत सामाजिक प्रभाव आकलन रिपोर्ट तैयार की गई है तथा प्रभावित ग्रामों में जनसुनवाई आयोजित कर ग्रामीणों, किसानों और भूमि स्वामियों से सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त की गई हैं। परियोजना के लिए सिवनी मालवा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में कुल लगभग 4.33 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव रखा गया है। उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार ग्राम बनापुरा में 2.784 हेक्टेयर, बराखड़ कला में 0.308 हेक्टेयर, बराखड़ खुर्द में 0.475 हेक्टेयर तथा दमड़िया में 0.763 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के लिए चिन्हित की गई है। अधिग्रहण की जाने वाली भूमि मुख्य रूप से सड़क निर्माण एवं उससे जुड़ी आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए उपयोग में लाई जाएगी।

### सड़क निर्माण के पक्ष में सामने आए ग्रामीण

जनसुनवाई के दौरान आयोजित बैठकों में ग्रामीणों ने परियोजना को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कई ग्रामों में आयोजित बैठकों में उपस्थित लोगों ने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

बैठक कार्यवृत्त में दर्ज अभिमतों के अनुसार अधिकांश स्थानों पर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण का समर्थन किया तथा प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण पर अपनी सहमति दर्ज कराई।

### व्यापार, रोजगार और निवेश को मिलेगा लाभ

सामाजिक प्रभाव आकलन रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि नर्मदापुरम-दिल्ली मार्ग के उन्नयन से क्षेत्रीय संपर्क मजबूत होगा। सड़क निर्माण के बाद परिवहन व्यवस्था में सुधार आएगा, यात्रा समय कम होगा तथा व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि परियोजना से निर्माण कार्यों के दौरान और बाद में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिलने की संभावना है।

जनसुनवाई और सामाजिक प्रभाव आकलन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम प्रतिवेदन शासन को भेजा जाएगा। इसके आधार पर भूमि अधिग्रहण की आगे की कार्रवाई और परियोजना के क्रियान्वयन से संबंधित निर्णय लिए जाएंगे।

प्रशासन का कहना है कि प्रभावित किसानों एवं भूमि स्वामियों के सुझावों और आपत्तियों पर नियमानुसार विचार किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम-दिल्ली फोरलेन परियोजना को क्षेत्र की प्रमुख आधारभूत संरचना परियोजनाओं में शामिल माना जा रहा है, जिससे भविष्य में सिवनी मालवा क्षेत्र को बेहतर सड़क संपर्क और विकास के नए अवसर मिलने की भी उम्मीद है।

रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि परियोजना से जुड़े पर्यावरणीय प्रभावों का परीक्षण नियमानुसार पर्यावरणीय स्वीकृति और अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के माध्यम से किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार भूमि अधिग्रहण और परियोजना क्रियान्वयन की समस्त कार्रवाई निर्धारित कानूनी प्रावधानों और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत की जाएगी।

### नपा के जनकल्याण शिविर में नहीं आए हितग्राही

**पिपरिया।** नगरपालिका परिषद के परिसर में जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। दिनांक 15/6(26को जनपद पंचायत क्षेत्र में तथा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में शिविर आयोजित करने के आदेश जारी किए गए थे। लेकिन शिविर में देखने में आया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया के द्वारा शासकीय कार्य में लापरवाही की गइ, जनपद का शिविर नगरपालिका परिषद के शिविर में समाहित कर दिया गया, शिविर का कोई प्रचार प्रसार भी नहीं किया गया। जिसके कारण कुल 7 आवेदन ही पहले ही दिन में जमा हुए। जनपद पंचायत के सदस्य भी कार्यक्रम में नही पहुंचे ।

### सोमवती अमावस्या पर किया नर्मदा स्नान, हुआ पुरुषोत्तम मास का समापन

**पिपरिया।** पुरुषोत्तम मास अर्थात अधिक मास का सोमवार को समापन हुआ। इस अवसर पर सनातनी ब्लॉक क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर सुबह चार बजे से स्नान करने पहुंचे। साथ ही नर्मदा घाट पर ही नागरिकों ने पूजन एवं दान आदि प्रक्रिया संपन्न की। उल्लेखनीय है कि अमावस्या पर पुरुषोत्तम मास का समापन हुआ तथा इस वर्ष अमावस्या सोमवार को रही। सोमवती अमावस्या के इस पुण्य फलदायी अवसर पर मां नर्मदा में स्नान करने सुबह चार बजे से ही हजारों सनातनी ब्लॉक क्षेत्र के घाटों पर पहुंचे। वहीं नागरिकों ने स्नान उपरांत अन्न व वस्त्र आदि का दान भी कन्याओं तथा विप्रों को किया। सनातनियों ने नर्मदा घाटों पर बालू से शिवलिंग का निर्माण कार्य करते हुए नर्मदा के जल से शिव का अभिषेक किया। सनातनियों ने सोमवती अमावस्या एवं पुरुषोत्तम मास के समापन के विशिष्ट संयोग पर नर्मदा घाटों पर भंडारा आयोजन किया।

### निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी ने संभाला थाना प्रभारी का पद

**सोहागपुर।** पुलिस विभाग में नर्मदापुरम जिले में एसपी ने गत दिनों थोक में स्थानांतरण किये हैं। सूची में सोहागपुर थाने में थाना प्रभारी रूप में गिरीश त्रिपाठी का स्थानांतरण हुआ है, जिन्होंने रविवार दोपहर सोहागपुर थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण किया है। थाना परिसर में मौजूद पुलिस बल द्वारा उनका पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। गिरीश त्रिपाठी मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर प्रतिष्ठित 'रुस्तम जी पुरस्कार' से



सम्मानित किये जा चुके हैं। उन्होंने बालाघाट, जबलपुर, परवलिया और मुख्यालय एवं बैरसिया जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दी हैं। अब सोहागपुर ब्लॉक सरीखे संवेदनशील थाना क्षेत्र में उनकी नियुक्ति को लेकर क्षेत्रवासियों में सकारात्मक उम्मीदें हैं।

### बिजली गुल लोग परेशान

**सोहागपुर ।** शनिवार शाम से सोमवार शाम तक बार-बार हुई ट्रिपिंग हुई , जिस कारण आम नागरिकों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बिजली कंपनी घटिया उपकरण उपयोग करती है, मेंटनेंस दिखावटी होता है, लोग परशान होते है।

## राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढी

राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय, पचमढ़ी में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने और उन्हें तनाव मुक्त रहने के तौर-तरीके सिखाने के उद्देश्य से कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में सांदीपनि विद्यालय, पचमढ़ी से मो. इरफ़ान कुरैशी एवं श्री विक्रम पटेल उपस्थित रहे।



### आत्मविश्वास ही सफलता का मूल मंत्र

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. शेखर ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए आत्मविश्वास को सफलता की असली कुंजी बताया। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी छात्रों को स्थिर रहना चाहिए और धैर्यपूर्वक हर मुश्किल का सामना करना चाहिए। प्राचार्य ने तनाव से मुक्ति के लिए योग और पर्यावरण संवर्धन की गतिविधियों से जुड़ने की विशेष अपील की। इस दौरान उन्होंने 'मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान' आयुष मंत्रालय एवं 'हैबील्ड' द्वारा आयोजित ऑनलाइन योग कार्यक्रम तथा 'सीड बॉल निर्माण अभियान' का विशेष रूप से उल्लेख किया।

### सीखा सीड बॉल निर्माण

पर्यावरण से जुड़कर तनाव कम करने के इसी क्रम में श्री सुरेश कुमार दहीकर ने विद्यार्थियों को सीड बॉल निर्माण की बारीकियों से परिचित कराया। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. शफिया ज़हरा, श्री रोहित कुशवाहा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बोर्ड परीक्षाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्र-छात्रा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा




अखिल गोंडवाना महासभा के अंतर्गत गोंडवाना कर्मचारी अधिकारी संघ, सिवनी मालवा द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल मांगलिक भवन, तवा कॉलोनी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 45 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उमेश धुर्वे, प्राचार्य कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती तिरुमयी सरिता पद्माकर, संरक्षक गोंड महासभा महिला प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में किशन सल्लाम, शेरसिंह सल्लाम, सुरेंद्र परपची एवं रूपराम तुमराम शामिल रहे। कार्यक्रम में विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता की। अतिथियों ने सम्मानित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।

वक्ताओं ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान न केवल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करता है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा देता है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, समाजजन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह के सफल आयोजन में गोंडवाना कर्मचारी अधिकारी संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम की जानकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र परपची ने दी। उन्होंने बताया कि समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी निरंतर किए जाते रहेंगे।

## उमरिया में सजेगा राज्य स्तरीय सुब्रतो कप का रोमांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढी

खेल जगत से उमरिया जिले के लिए एक गौरवान्वित करने वाली खबर सामने आई है। आगामी 15 जून से 18 जून 2026 तक उमरिया में राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए खेल जगत की जानी-मानी शख्सियत संतोष यादव को ऑफिशियल नियुक्त किया गया है।




उत्कृष्ट कार्यशैली और तकनीकी दक्षता का मिला सम्मान

संतोष यादव की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के पीछे उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली, समर्पण और बेजोड़ तकनीकी दक्षता है। इससे पूर्व उमरिया में आयोजित हुई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के सफल और गरिमापूर्ण संचालन में उन्होंने समर्पित भाव से सराहनीय योगदान दिया था। उनके इसी समर्पण को देखते हुए शहडोल संभाग की कमिश्नर सुरभि गुप्ता, उमरिया कलेक्टर धरनेन्द्र सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अंजलि पटेल एवं एस.जी.एफ.आई. (SGFI) ऑब्जर्वर वेद प्रकाश यादव द्वारा उन्हें पूर्व में सम्मानित भी किया जा चुका है।

संतोष यादव को राज्य स्तरीय सुब्रतो कप में ऑफिशियल की बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। इस बड़ी उपलब्धि पर उनके विद्यालय परिवार, स्थानीय नागरिकों, वरिष्ठ खेल अधिकारियों और खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि संतोष यादव के मार्गदर्शन और तकनीकी अनुभव से इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का स्तर और अधिक ऊंचा होगा।

**खबर संक्षेप**

### जिले में प्राचीन पांडुलिपियां संरक्षित होंगी

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा है कि मठ, मंदिरों के साथ-साथ कई घरों में भी प्राचीन पांडुलिपियां विद्यमान है। हमारी सांस्कृतिक स्मृतियां, ज्ञान, परम्पराएं, विज्ञान और दर्शन पांडुलिपियों के रूप में अभी तक संरक्षित है। इन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हम सभी की जिम्मेदारी हैं। इस अमूल्य विरासत के संरक्षण, संवर्धन और दस्तावेजीकरण के लिये राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान भारतम्‌ मिशन की शुरूआत की गई है, जिसके अंतर्गत वर्ष 1950 से पहले की पाण्डुलिपियों का डिजिटल रूप से संरक्षण किया जा रहा है। मिशन के अंतर्गत मंदिरों, मठों, आश्रमों, पुस्तकालयों और शैक्षणिक व शोध संस्थाओं के साथ-साथ व्यापारिक प्रतिष्ठानों और घरों में ताड़पत्र, ताम्रपत्र, प्रस्तर, भोजपत्र, पोथियों आदि के रूप में विद्यमान पांडुलिपियों का संरक्षण होना है। हरदा जिला एतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक रूप से समृद्ध है, यहां धार्मिक स्थलों के साथ-साथ कई परिवारों अथवा व्यापारिक प्रतिष्ठानों के पास भी पाण्डुलिपियाँ विद्यमान होने की संभावना है। हमारे देश की परम्परा को सुरक्षित रखने के इस राष्ट्रीय अभियान में सभी से सक्रिय भागीदारी निभाने की अपेक्षा है। पांडुलिपियों के संरक्षण के लिये जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। समिति द्वारा ज्ञान भारतम मोबाइल एप के माध्यम से पांडुलिपियों का सर्वेक्षण और उनकी अपलोडिंग की जा रही है। प्राचीन पांडुलिपि धारकों से आग्रह किया गया है कि वे उनके पास संरक्षित इस अमूल्य धरोहर का संरक्षण करने में अपना सहयोग प्रदान करें। साथ ही उपलब्ध पांडुलिपियों का डिजीटल संरक्षण अवश्य कराएं।

### वृद्धाश्रम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार दिवस मनाया गया

**हरदा।** जिले के स्थानीय वृद्धाश्रम परिसर में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में जिले से लगभग 100 से अधिक वरिष्ठ जनों ने सहभागिता की। उप संचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों पर हो रहे दुर्व्यवहार, अत्याचार, सोशल क्राइम, वित्तीय ठगी एवं शारीरिक, मानसिक, सामाजिक शोषण की रोकथाम को लेकर जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर विधिक जानकारी देने हेतु अतिथि के रूप में पैरा लीगल वॉलंटियर्स सुरेंद्र कौर उपस्थित रही। उन्होने वरिष्ठ जन अधिकार अधिनियम 2007 के नियम 2009 के अंतर्गत सभी भरण पोषण संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर पेंशनर संघ के अध्यक्ष बी.आर. सगर एवं सार्थक सेवा आश्रय समिति के अध्यक्ष बलराम काले उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि माह में एक बार माता-पिताओं का गेट टू गेदर होना अनिवार्य है। आप जिस भी सोसाइटी में रहते हैं, अपने वृद्धों को माह में एक बार आपस में मिलवाईये एवं असहाय वृद्ध जनों के लिए अनुकूल वातावरण बनायें। इसके अलावा कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग, जिले की स्वैच्छिक संस्थाएं, पेंशनर्स एसोसिएशन, वरिष्ठ नागरिक मंच एवं वृद्धाश्रम के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ नारे लगाए

# मीनाक्षी के नामांकन खारिज के विरोध में कांग्रेस ने निकाली चुनाव आयोग की प्रतीकात्मक शवयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज किए जाने के विरोध में सोमवार युवक कांग्रेस के नेतृत्व में घंटाघर से नारायण टॉकीज तक चुनाव आयोग की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की तथा लोकतंत्र की रक्षा की मांग उठाई।

नारायण टॉकीज चौराहे पर चुनाव आयोग का प्रतीकात्मक दाह संस्कार कर विरोध प्रदर्शन किया गया तथा सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश चौहान ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन बिना किसी ठोस आधार के निरस्त किया गया, जबकि कांग्रेस द्वारा उठाए गए तथ्यों और आपत्तियों पर कोई




गंभीर सुनवाई नहीं की गई। योगेश चौहान ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि चुनाव आयोग भाजपा नेताओं के दबाव में कार्य कर रहा है। लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाने और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को चुनावी प्रक्रिया से बाहर करने का प्रयास बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष चुनाव और स्वतंत्र संस्थाओं पर निर्भर करती है। यदि संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर लगातार प्रश्न उठ रहे हैं तो यह लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास को बनाए रखना सभी संस्थाओं की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साई, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पवार, नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी, हेमंत टाले, भूपेश पटेल, अहद खान, सुरेंद्र जैन, रविशंकर शर्मा, गोविंद व्यास, सुरेंद्र सराफ, संतु राजपूत, सूरज सिंह राजपूत, गौरीशंकर शर्मा, अनिल शर्मा, आशुतोष कोठारी, असलम खान, अमीर पटेल, राहुल जायसवाल, अजय राजपूत, विक्की अली, समद खान, रमेश सोनकर, सुनील गीते, संजय दशोरे, नीरज किरार, अतुल, रयान हुसैन, इमरान खान, हार्दिक जायसवाल, मुकेश यादव, प्रमोद केवट, कृष्णा विश्नोई, सुनील राजपूत, भूपेश बवाल, युवराज तोमर, पियूष राजपूत, अस्तित्व सोनी, आसिफ अली, अयाज खान, सिद्धू विश्नोई, सुहागमल विश्नोई, ब्रज विश्नोई, प्रवीण विश्नोई, पिंकू जायसवाल, सुमित तिवारी, भूरा ठाकुर एवं प्यारेलाल सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं युवक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा के अंत में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## नियमों का उल्लंघन का मामला

# रेरा अप्लाइड लिखकर हो रहा कालोनी का प्रचार, एसडीएम बोले जांच कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




शहर के बीचों-बीच चल रहे श्री नर्मदा एस्टेट्स नामक आवासीय प्रोजेक्ट में रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी के नियमों का उल्लंघन का मामला सामने आया है। इस प्रोजेक्ट के प्रचार-प्रसार के लिए लगाए गए होर्डिंग्स और विज्ञापनों में धड़ल्ले से मुहर का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो कि पूरी तरह से नियमों की विपरीत है। जानकारी के अनुसार, रेरा अधिनियम, 2016 के तहत कोई भी बिल्डर या डेवलपर तब तक अपने प्रोजेक्ट का विज्ञापन, बुकिंग या बिक्री नहीं कर सकता जब तक उसे रेरा से वैध पंजीकरण नंबर प्राप्त न हो जाए। सिर्फ आवेदन कर देने या लिखकर ग्राहकों को लुभाना सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन और निवेशकों को गुमराह करने का प्रयास है। रेरा के नियमों के मुताबिक, बिना रजिस्ट्रेशन के विज्ञापन करने या ग्राहकों को आकर्षित करने पर रेरा अथॉरिटी बिल्डर पर प्रोजेक्ट की कुल अनुमानित लागत का 10% तक का भारी जुर्माना ठोक सकती है। इसके अलावा, मामले की गंभीरता को देखते हुए कारावास की सजा का भी प्रावधान है।

### विवादित विज्ञापन आया सामने

जैसा कि सोशल मीडिया और शहर के होर्डिंग्स पर साफ देखा जा सकता है, प्रोजेक्ट के पोस्टर पर बड़े-बड़े अक्षरों में के साथ ही 'का सील-लोगो छपा हुआ है। इस संबंध में प्रोजेक्ट से जुड़े उमेश साद का कहना है कि उन्होंने रेरा में अप्लाई किया है, इसलिए ब्रोशर पर अप्लाई लिखा है। हालांकि उन्होंने कहा कि टीएन सीपी से अप्रूवड हो गई है। उधर हरदा के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी ए के डेहरिया का कहना है कि उनकी जानकारी में आज ही मामला आया है, इसकी जांच कराई जाएगी।

# युवक पड़ोस में छत पर निकले सांप को पकड़ने गया था, उसके हाथ में डसने से मौत हुई

**हरदा।** जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनखेड़ी में रविवार रात 28 वर्षीय एक युवक की सांप के डसने से मौत हो गई। युवक पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति की छत पर निकले सांप को पकड़ने गया था, इसी दौरान सांप ने उसके हाथ में डस लिया। परिजन उसे पास के अस्पताल ले जाने के बजाय आष्टा की तरफ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में कन्नौद के पास उसने दम तोड़ दिया। सोमवार सुबह पुलिस ने जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक राजेंद्र मर्सकोले (28) के पिता श्रीकिशन ने बताया कि रविवार रात करीब 11 बजे गांव के ही दममु महाराज के घर की छत पर सांप दिखा था। इसकी जानकारी मिलने पर राजेंद्र अपने कुछ दोस्तों के साथ वहां पहुंचा। वह छत पर बैठे जहरीले सांप को लकड़ी की मदद से पकड़कर दूर कर रहा था। इसी बीच अचानक लकड़ी उसके हाथ से छूट गई और सांप ने उसके उल्टे हाथ की हथेली पर डंक मार दिया। डसने के बाद राजेंद्र ने उस सांप को पकड़कर मार दिया। हादसे के बाद परिजनों से एक बड़ी चूक हो गई। वे राजेंद्र को तुरंत पास के किसी सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के बजाय निजी वाहन से आष्टा (संभवतः झाड़-फूंक के उद्देश्य से) ले जाने लगे। सही समय पर मेडिकल इलाज न मिलने के कारण जहर शरीर में फैल गया और रास्ते में कन्नौद के पास ही उसकी मौत हो गई। सोमवार तड़के करीब 4 बजे उसके शव को जिला अस्पताल लाया गया।पिता श्रीकिशन मर्सकोले ने बताया कि राजेंद्र उनके दो बेटों में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा एक पांच साल का बेटा और एक तीन साल की बेटी है। घर-परिवार की जिम्मेदारी थी। वह शादी-पार्टियों में लाइटिंग लगाने के साथ-साथ गांव में अन्य छोटे-मोटे काम करता था। जिला अस्पताल के डॉ. सुदर्शन चौहान ने अपील की है कि सर्पदंश के मामलों में मरीज को बिना देरी किए तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए।

# नाबालिग खिलाड़ी की शिकायत पर कबड्डी कोच के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज

## पीड़िता पांच वर्षों से कोच के मार्गदर्शन में कबड्डी का प्रशिक्षण ले रही थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

टिमरनी थाना क्षेत्र में एक कबड्डी कोच के खिलाफ नाबालिग खिलाड़ी की शिकायत पर छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, टिमरनी निवासी कबड्डी कोच अंकित जोशी के खिलाफ एक नाबालिग खिलाड़ी ने शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि वह पिछले पांच वर्षों से कोच के मार्गदर्शन में कबड्डी का प्रशिक्षण ले रही थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 24 मई को कोच अंकित जोशी ने उसे अपने घर खाना बनाने के लिए बुलाया। उस समय घर पर कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान कोच ने उसका हाथ पकड़कर अश्लील हरकतें कीं। घटना के बाद नाबालिग ने डर के कारण कबड्डी अभ्यास के लिए जाना बंद कर दिया। जब परिजनों ने उससे अभ्यास छोड़ने का कारण पूछा, तब उसने पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता अपने माता-पिता के साथ टिमरनी थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। एसडीओपी आकांक्षा तलया ने बताया कि नाबालिग की शिकायत पर आरोपी अंकित जोशी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74 तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं, आरोपी कोच अंकित जोशी ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि उन्हें बदनाम करने और षड्यंत्र के तहत झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि उनके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आने-जाने वालों की सही जानकारी मिल सकती है।

# बंदियों को योगासनों की शिक्षा दी, योजनाएं बताईं

## जिला जेल में योग सप्ताह शिविर 15 से 21 जून तक



**हरदा।** सोमवार को जिला जेल, हरदा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस21 जून के अवसर पर जेल में निरूद्ध बंदियों के लिए राज्यव्यापी योग सप्ताह कैंपेन 15 से 21 जून तक शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बंदियों द्वारा योगासन किया गया। शिविर का शुभारंभ ऑनलाइन माध्यम से किया गया। शिविर के आयोजन किये जाने का मुख्य उद्देश्य जेल में निरूद्ध बंदियों को योगासन के लाभ बता कर उनको उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चन्द्रशेखर राठौर ने जिला जेल हरदा में निरूद्ध बंदियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह प्राचीन भारतीय परंपरा तनाव कम करने, लचीलापन बढ़ाने और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने में मदद करती है। योग हमारे स्वस्थ जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

उन्होने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने की कला है। उन्होने बंदियों को विभिन्न योगासनों की शिक्षा दी साथ ही नालसा/सालसा की चल रही विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान उन्होने बंदियों को उनके अधिकारों की जानकारी दी एवं नशा न करने की सलाह भी दी।

शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी, सौरभ कुमार दुबे ने जेल में निरूद्ध बंदियों को योगा करने से होने वाले प्रमुख लाभों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नियमित योगासन से शरीर मजबूत, लचीला और निरोगी बनता है। यह पाचन तंत्र, श्वसन प्रणाली और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। योग और ध्यान मानसिक तनाव, डिप्रेशन और एंग्जायटी को कम करते हैं।

इससे मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता में सुधार होता है। योग मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है, जिससे आंतरिक शांति और सकारात्मकता का अनुभव होता है। उन्होने बंदियों को भारतीय संविधान में वर्णित नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों तथा मूल अधिकारों एवं विभिन्न अधिनियमों, नालसा व सालसा की चल रही विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं तथा बंदियों के अधिकारों के बारे में अवगत कराया।




## लोक निर्माण विभाग की सड़क निर्माण का मामला

# सड़क में परिवर्तन का आरोप, व्यापारी विरोध में आए



**झिरन्या।** लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन भीकनगांव व्हाया झिरन्या दामखेड़ा-फाटा मार्ग निर्माण के मूल-स्वरूप में परिवर्तन के विरोध में व्यापारी लामबंद हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि कतिपय निहित-स्वार्थी लोगों के दबाव से अधिकारियों पर राजनैतिक-दबाव से उक्त स्थिति निर्मित हो रही है। सोमवार को अपरान्ह व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने तसीलदार खुमानसिंह चौहान से मुलाक़ात की और उन्होंने उन्हें सम्पूर्ण स्थिति से अवगत करा दिया है। इस दौरान कलेक्टर के नाम उन्हें सौंपे ज्ञापन में न्याय की गुहार करते हुए निर्माण-कार्य प्रभावित करने के प्रयास पर रोक लगाने और जनहित में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की मांग की है। प्रतिमंडल में शामिल व्यापारियों ने तहसीलदार चौहान को बताया कि राजनैतिक-दबाव एवं दुरूपयोग के चलते के सड़क को एकतरफा चौड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि न्यायसंगत नहीं है। इससे भविष्य में असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने सड़क के दोनों ओर समान रूप से शोल्डर एवं चौड़ीकरण करने की मांग की है। इन हालातों में जनहित के विपरीत निजी हितों को अधिक महत्त्व देने से अत्यधिक चिंताजनक-स्थिति निर्मित हो रही है। व्यापारियों ने कहा है कि यदि सड़क का निर्माण वर्तमान स्तर से उंचा किया जाता है, तो वर्षा ऋतु में मार्ग पर गंभीर जलभराव की स्थिति उत्पन्न होगी, जिससे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और मकानों में 2 से 3 फीट तक पानी भरने की आशंका है। यह स्थिति आमजन, मरीजों, विद्यार्थियों एवं व्यापारियों के लिए अत्यंत कष्टदायक एवं खतरनाक सिद्ध होगी तथा शासन के धन का दुरुपयोग भी होगा। इस प्रतिनिधि मंडल में कई प्रमुख व्यापारी शामिल थे। इनमें पवन जायसवाल ,सुधीर राठौर, मिंटू भाटिया,महेंद्र जायसवाल, दिनेश जायसवाल, प्रकाश साहू,रत्नेश राठौर,राहुल राठौर,सतपाल अग्रवाल, हैप्पी भाटिया, कालूराम सोलंकी, शरणजीत सिंह भाटिया, दिनेश सोलंकी,आयुष जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### नर्मदा स्नान को जा रहे दंपती को टक्कर मारी

**हरदा।** जिले में एक सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घटना सोमवार सुबह फोरलेन पर ग्राम बागरुल के पास हुई, जब नर्मदा स्नान के लिए पैदल जा रहे एक दंपती को पीछे से मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम देवास निवासी सुमन बाई और उनके पति धर्मसिंह (उम्र 50 वर्ष) अमावस्या पर नर्मदा नदी में स्नान के लिए पैदल नेमावर जा रहे थे। इसी दौरान, पीछे से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में दंपती सुमन बाई और धर्मसिंह के साथ-साथ मोटरसाइकिल चालक भगवान दास मालवीय (उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम आमासेल) भी घायल हो गए। मोटरसाइकिल पर सवार भगवान दास की पत्नी और एक बच्चे को भी मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।